रायगढ़ (मध्य प्रदेश) में नवोदय विद्यालय के भवन का निर्माण

395. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जिला रायगढ़ (मध्य प्रदेश) में स्थापित नवोदय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि कब संस्वीकृत की गई थी;

(ख) भवन के अभाव में विद्यालय के छात्रों को कहां और कितनी-कितनी संख्या में रखा गया है;

(ग) इस विद्यालय के संचालन की प्रक्रिया में छात्रों को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है; और

(घ) इन समस्याओं को दूर करने हेतु उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) नवोदय विद्यालय समिति ने रायगढ़ मध्य प्रदेश में जवाहर नवोदय विद्यालय के निर्माण के लिए जून 1994 से मार्च, 1997 के दौरान 287.00 लाख रुपये की राशि स्वीकृति की है।

(ख) राज्य सरकार द्वारा जनजातीय कल्याण विभाग के एक छात्रावास में प्रदान किये गये अस्थायी आवास में छात्रों को ठहराया गया है। इस समय छात्रों की संख्या 186 है।

(ग) और (घ) स्थान की कमी के कारण छात्रों को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी से कहा गया है कि स्थायी भवन का निर्माण शीघ्र पूरा करें। अस्थायी आवास में बिजली, पानी तथा सफाई के प्रबंध कर दिये गये हैं। अस्थायी आवास में एक रसोई घर, एक जेनरेटर, अतिरिक्त पनखे तथा एक वाहन प्रदान करके इस समय उपलब्ध सुविधाओं में सुधार कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों में आरक्षित रिक्त पद

396. **श्री अजीत जोगी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के शिक्षकों के लिए आरक्षित रिक्त पदों सहित शिक्षकों के कितने पद रिक्त पड़े हुए हैं;

(ख) इन रिक्तियों को भरने के लिए क्या कार्यवाही की गई है और इस संबंध में नवीनतम स्थिति क्या है; और

(ग) इन रिक्त पदों को भरने में विलम्ब के क्या कारण है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Fall in Domestic Oil Production

397. SHRI O.P. KOHLI:
SHRI MUKESH R. PATEL:
SHRI PREM CHAND GUPTA:
DR. MANMOHAN SINGH:

Will the Minister of PETORLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the domestic oil production which had reached the level of 35.19 million tonnes in 1995-96 dropped to 32.8 million tonnes in 1996-97 and this drop in oil production has been attributed to frequent power break-downs, increase in water cuts and other factors, as per the Economic Survey; and

(b) if so, the steps taken to remedy these causes in order to boost indigenous oil production?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) The domestic crude oil production during 1996-97 was approximately 32.88 MMT compared to the level of 35.147 MMT achieved during the year 1995-96. The reasons for shortfall in production are:—

—Reduction in anticipated production from the major fields of Mumbai Regional Business Centre especially Bombay High and Neelam, due to unexpected reservoir behaviour not in conformity with earlier predictions.

—Reduced production from joint venture projects.